# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांकः 20.06.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करीब साढे 9 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 18 हजार 880 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी की।**
- **मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने जयपुर में बीएलओ संवाद कार्यक्रम में शिरकत की–देश की चुनावी प्रक्रिया को विश्वसनीय और पारदर्शी बताया।**
- **नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा कल होगी–पुख्ता इंतजामों के लिए आज देशभर में मॉकड्रिल की गई।**
- **12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल–राज्य स्तरीय कार्यक्रम आबूराज में होगा।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश के 9 करोड़ 44 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में आज पीएम किसान सम्मानित निधि की 23वीं किस्त जारी की। किसानों को 18 हजार 880 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। पश्चित बंगाल के तारकेश्वर में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ने ये सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने किसान कल्याण की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

.................

पीएम किसान सम्मान निधि का राज्य स्तरीय समारोह पाली के सुमेरपुर में हुआ। पीएम किसान उत्सव से प्रदेश के 66 हजार से ज्यादा किसान लाभान्वित हुए हैं। दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी योजनाओं में से एक पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों को 4 लाख 28 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि प्राप्त हो चुकी है। योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पाली के नेतरा में ग्रामीण सेवा शिविर का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न स्टॉल्स का निरीक्षण कर लाभार्थियों से फीडबैक लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने लोगों से ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

000

देश में बने नौसेना के तीन जहाज–आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय का कल अनावरण होगा। इनका उपयोग समुद्री सुरक्षा, सर्वेक्षण और पनडुब्बी रोधी अभियानों में किया जाएगा। नौसेना के अनुसार, इन जहाजों के निर्माण में 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने योगदान दिया है। देश की रक्षा और जहाज निर्माण क्षमता में इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल कोलकाता में इनका अनावरण करेंगे।

000

केंद्र सरकार ने 16 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन–एफडीसी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर विशेषज्ञ समिति की ओर से की गई समीक्षा के बाद ये फैसला लिया गया है। समिति के अनुसार इन दवाओं के उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो सकते हैं। इन प्रतिबंधित दवाओं में त्वचा रोग, दर्द निवारक और कुछ एंटीबायोटिक शामिल हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्य औषधि नियामकों और संबंधित एजेंसियों को इस प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

000

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि भारत की पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर हर नागरिक गौरवान्वित है। आज जयपुर में मीडिया से बातचीत में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देश के विश्वसनीय और नवोन्मेशी चुनाव प्रबंधन को वैश्विक मान्यता मिली है। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनावी सहायता संस्थान–आई.डी.ई.ए. ने भारत को अध्यक्षता दी है।

.................

मुख्य चुनाव आयुक्त ने आज सीतापुरा स्थित जे.ई.सी.सी. में प्रदेश के बूथ स्तरीय अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने 12 राज्यों में हुई एसआईआर प्रक्रिया में राजस्थान को पहले नम्बर पर लाने में बीएलओ की भूमिका की सराहना की। उन्होंने जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों पर बीएलओ और सुपरवाइजर्स के सुझाव और अनुभव भी सुने।

000

नीट–यूजी 2026 परीक्षा कल दोबारा होगी। इसे देखते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से आज मॉकड्रिल की गई। परीक्षा को सुचारू, निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए ये अभ्यास किया गया। सुबह 9 बजे से शुरू हुई ड्रिल में ढाई लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी शामिल हुए। एनटीए के अनुसार, नीट–यूजी पुनर्परीक्षा देश के 551 शहरों और 14 विदेशी शहरों में आयोजित की जाएगी, जिसमें 22 लाख 79 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के मद्देनजर टेलीग्राम प्लेटफॉर्म पर लगाई गई रोक 22 जून तक प्रभावी रहेगी। इधर, प्रदेश में री–नीट पुनर्परीक्षा के लिए 25 जिलों में 577 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। जिन पर करीब 2 लाख 9 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, प्रशासन, एसओजी और आईबी पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। साथ ही सीआरपीएफ की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं।

000

प्रदेश में स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए पहली बार इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत की गई है। प्रधानमंत्री ई बस सेवा के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर से 47 ई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अमर जवान ज्योति पर हुए इस कार्यक्रम में 29 बसें राजधानी जयपुर और 18 बसों की सौगात भीलवाड़ा को मिली है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ई बसों से प्रदूषण में कमी आएगी। श्री शर्मा ने ई बस में अमर जवान ज्योति से स्टेट हेंगर तक का सफर भी किया। गौरतलब है कि पीएम ई बस योजना के तहत राजस्थान को साढे 11 सौ बसें मिलेंगी। योजना के पहले चरण में प्रदेश के 8 जिलों में 675 ई बसें चलाई जाएंगी।

000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कल बीकानेर दौरे का कार्यक्रम है। श्री वैष्णव लालगढ़–साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे गुजरात और राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बीच सीधी रेल कनेक्टविटी उपलब्ध होगी। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री दोपहर में जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे, जहां वे जयपुर–दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस को रवाना करेंगे। ये ट्रेन राजस्थान और बिहार के बीच सम्पर्क को नई गति देगी। श्री वैष्णव खातीपुरा में मेगा कोचिंग टर्मिनल का उद्घाटन भी करेंगे। श्री वैष्णव 41 छोटे और मध्यम स्टेशनों पर नये प्लेटफॉर्म विस्तार तथा 16 स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का भी लोकार्पण करेंगे। साथ ही राज्य के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विकसित की गई यात्री सुविधाओं का भी लोकार्पण करेंगे।

000

12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' रखी गई है। दुनियाभर में स्वास्थ्य और खुशहाली के माध्यम के रूप में योग एक उत्सव के साथ ही जन आंदोलन बन चुका है। इस बार 200 से अधिक भारतीय दूतावासों पर योग सत्र होंगे। राष्ट्रीय कार्यक्रम कोलकाता में होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसमें शिरकत करेंगे। इस बीच, आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने बताया कि सरकार ने कार्य स्थलों पर योग ब्रेक के लिए वाई ब्रेक एप भी शुरू किया है। आयुष मंत्रालय की ओर से विकसित इस मोबाइल एप्लीकेशन से काम के बीच, पांच मिनट का योग ब्रेक लेकर लोग खुद को तरोताजा और तनाव मुक्त कर सकते हैं।

-----------------

प्रदेश में सभी जिलों, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर योग कार्यक्रम होंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह सिरोही के आबूराज में रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इस समारोह में भाग लेंगे। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बीकानेर के करणी सिंह स्टेडियम में होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। आयुष मंत्रालय की ओर से राजधानी जयपुर के जंतर–मंतर पर सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। साथ ही एस.एम.एस. स्टेडियम, अल्बर्ट हॉल, जलमहल सहित शहर के प्रमुख स्थलों पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। नई दिल्ली से 13 मार्च से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन के काउंट डाउन कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी। जिसके तहत प्रदेशभर में लगातार जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज डीग और जैसलमेर में योग जागरुकता रैली निकालकर निरोग रहने का संदेश दिया गया।

000

सलूम्बर जिले में सरणी नदी को साफ करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिला कलेक्टर मोहम्मद जुनैद पी.पी. ने बताया कि सफाई अभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने नदी को साफ रखने और भविष्य में गंदगी नहीं फैलाने का भी संकल्प लिया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जून को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 135वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

000